आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

जालंधर, मंगलवार 07 जनवरी 2025

# वंदे भारत 24

भारत के मन की बात



@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# सुल्तानपुर लोधी में चोर को पकड़ने आए डॉक्टर की गोली लगने से मौत, भाग रहे आरोपी की हादसे में गई जान

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** सुल्तानपुर लोधी के गांव भाणोलंगा में रविवार देर रात एक क्लीनिक पर चोरी करने आए चोर और क्लीनिक मालिक की मौत हो गई। दोनों के बीच झड़प में दोनाली से गोली चली जिसकी सीसीटीवी भी सामने आई है। इसमें चोरों को देख मालिक अपने बेटे सहित उनको पकड़ने दुकान पर पहुंचता दिखाई दिया है।

दोनों के बीच झड़प में दुकान मलिक की भी गोली लगने से मौत हो गई है, वहीं भाग रहे चोर की भी एक वाहन से टकराकर मृत्यु हो गई है। एसपी-डी सरबजीत राय ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर शवगृह में रखवा दिया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फिलहाल मृतक चोर की पहचान नहीं हुई है। इसी क्लीनिक पर दो जनवरी को भी चोरी हुई थी, जिससे डाक्टर परेशान था।



## कई बार चोरी होने से परेशान था डॉक्टर

जानकारी के अनुसार गांव भानोलंगा में स्थित चरण मेडिकल हॉल व क्लीनिक पर कई बार चोरी होने से क्लीनिक मालिक 62 वर्षीय डा. गुरचरण सिंह परेशान थे। इसीलिए उन्होंने दुकान पर सीसीटीवी कैमरे इंस्टाल करवाए थे। देर रात उन्होंने सीसीटीवी फुटेज में देखा कि उनकी दुकान में दो संदिग्ध युवक शटर तोड़ रहे थे। तभी डा. गुरचरण सिंह अपने बेटे के साथ चोरों को पकड़ने के लिए मौके पर पहुंच गए। इस दौरान चोरों और मालिक के बीच हाथापाई हुई। जिसमे उनकी लाइसेंसी दोनाली से एक फायर हुआ, जो डा. गुरचरण सिंह को लग गया जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं, चोर भागने लगा तो किसी अज्ञात वाहन से उसकी टक्कर हो गई और उसकी भी मौत हो गई।

एसपी-डी सरबजीत राय ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर शवगृह में रखवा दिया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फिलहाल मृतक चोर की पहचान नहीं हुई है। इसी क्लीनिक पर दो जनवरी को भी चोरी हुई थी, जिससे डाक्टर परेशान था।

# कपूरथला में DJ पर चल रहा था डांस, तभी दाग दिए दनादन 40 से 50 राउंड फायर... और फिर

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** पंजाब के कपूरथला के पॉश एरिया अर्बन अस्टेट में शनिवार रात एक पार्टी दौरान डीजे पर डांस करते हुए हवाई फायरिंग की गई। एक साथ दनादन 40 से 50 राउंड फायर किए गए। इसकी सूचना मिलने के बाद थाना सिटी के एसएचओ पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही मौके से सबकुछ समेट दिया गया।

हालांकि पुलिस को मौके से 45 बोर का एक खोल मिला, जिसके आधार पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की ली है। डीएसपी सब-डिवीजन दीपकरण सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार शनिवार की देर रात अर्बन अस्टेट निवासी सुखदेव सिंह के घर पर नई कोठी की खुशी में डीजे पार्टी चल रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास ने सूचना दी कि उक्त पार्टी में हवाई फायर किए जाने से आसपास लोगों में दहशत का माहौल है। इसके बाद थाना सिटी के एसएचओ बिक्रमजीत सिंह पुलिस पार्टी सहित मौके पर पहुंचे। और उन्होंने मौके से 45 बोर का एक खोल बरामद किया है।



सूत्रों की माने तो पार्टी मे एक-दो नहीं, बल्कि 40 से 50 राउंड हवाई फायर हुए थे, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बन गया, लेकिन पुलिस टीम के पहुंचने से पहले सारे खोल व सामान समेट दिया गया।




# मणिपुर में जन्मा देश का पहला 'जनरेशन बीटा' बेबी बॉय, लोग बोले- वेलकम इन द वर्ल्ड

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** 2025 में दुनिया में 'जनरेशन बीटा' का आगमन हुआ है। भारत में इस पीढ़ी का पहला बच्चा 1 जनवरी को मिजोरम के आइजोल शहर में पैदा हुआ। इस बच्चे का नाम फ्रेंकी रेमरूआतदिका जेडेंग है। उसका जन्म 1 जनवरी को सुबह 12:03 बजे आइजोल के डर्टलैंग स्थित सिनॉड अस्पताल में हुआ, और यह 'जनरेशन बीटा' का पहला बच्चा है।

हालांकि जन्म के समय बच्चे का वजन 3.12 किलोग्राम था और उसने नई पीढ़ी के युग की शुरुआत को चिह्नित किया। अस्पताल की सिस्टर लालछुआनावमी ने कहा कि बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ है और उसे किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।



## भारत में हुआ पहला जनरेशन बीटा बेबी का जन्म

फ्रेंकी परिवार का सबसे नया सदस्य है, जिसमें उसकी बड़ी बहन, मां रामजिरमावी और पिता जेडडी रेमरुअत्संगा शामिल हैं। परिवार आइजोल के खटला ईस्ट इलाके में रहती हैं। मां ने देश को पहला बीटा बच्चा देने पर अपनी खुशी व्यक्त की।

## क्या है जनरेशन बीटा

जनरेशन बीटा उन बच्चों की पीढ़ी है जो 2025 से 2039 के बीच पैदा होंगे। यह पीढ़ी तकनीकी रूप से बहुत सक्षम होगी और उनके जीवन के लगभग सभी पहलू आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन से प्रभावित होंगे।

जनरेशन बीटा के बच्चे स्मार्टफोन, इंटरनेट और सोशल मीडिया के साथ बड़े होंगे। वे वर्चुअल रियलिटी और अन्य उन्नत तकनीकों का उपयोग करेंगे। इनकी शिक्षा प्रणाली में भी बड़ा बदलाव आएगा, जैसे कि AI-समर्थित टूल्स और वर्चुअल क्लासरूम। यह पीढ़ी तकनीकी नवाचारों के साथ पूरी तरह से जुड़ी होगी और नई तकनीकों को स्वाभाविक रूप से अपनाएगी। जनरेशन बीटा के बच्चे एक ऐसी दुनिया में रहेंगे, जहां टेक्नोलॉजी हमारी जिंदगी का बहुत बड़ा हिस्सा होगी।



# 'एक साल में ही चीखें... प्रकाश बादल ने तो 16 साल काटी जेल', नाम लिए बिना सुखबीर बादल का अमृतपाल पर बड़ा हमला

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** शिरोमणि अकाली दल को कमजोर करने के लिए हम पर एक साजिश के तहत बेअदबी सहित अन्य आरोप लगाए गए थे। पूरे विवाद को समाप्त करने के लिए मैंने सारे इल्जाम अपनी झोली में डाल लिए। जबकि अकाली दल पर जो आरोप लगे हैं, ऐसा कृत्य कार्य करने के बारे में शिअद कभी भी सोच नहीं सकता।

उक्त विचार पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल ने मुक्तसर में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। सुखबीर बादल मुक्तसर में माघी मेले के मौके पर सियासी कांफ्रेंस की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए आए हुए थे।



### शिअद को कमजोर करने की साजिश

सुखबीर बादल ने अलगाववादी सांसद अमृतपाल का नाम लिए बिना तंज कसते हुए कहा कि प्रकाश सिंह बादल ने 16 साल जेल काटी है और यहां एक साल में ही चीखें निकल रही हैं। उन्होंने फरीदकोट के सांसद सरबजीत सिंह खालसा पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि सरबजीत खालसा जब से सांसद बने हैं एक बार भी सिखों के हक की बात नहीं की।

यहां तक कि किसी के सुख-दुख में भी शामिल नहीं हो रहे। सुखबीर ने कहा कि माघी मेले मौके पर जो नई पार्टी बनाई जा रही है, यह सब शिअद को कमजोर करने की नीति के तहत किया जा रहा है। शिअद के लिए श्री अकाल तख्त साहिब सुप्रीम अथॉरिटी है। लेकिन यह लोग श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदारों को नहीं मानते। इन्होंने अपने ही जत्थेदार बना रखे हैं।

### राजा वड़िंग को लेकर क्या बोले बादल

उन्होंने राजा के बारे भी बोलते हुए कहा कि वड़िंग ने भी पिछले दिनों जत्थेदारों के खिलाफ एक बयान दिया था। सुखबीर ने शिअद कार्यकर्ताओं से आग्राह किया कि माघी मेले मौके पर भारी संख्या में सियासी कांफ्रेंस में शामिल हों। कांफ्रेंस में दिल से पहुंचना है। सुखबीर ने कहा कि शिअद अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि शिअद पहले आराम कर रहा था। पर अब जाग चुका है। उन्होंने कहा कि शिअद गुरु घर की सेवा करने वाली पार्टी है। शिअद के खिलाफ बयानबाजी पर सियासत हुई है।

### पंजाब की हालात बेहद खराब

पंजाब सरकार पर बोलते हुए सुखबीर ने कहा कि आज पंजाब के हालात यह बन चुके हैं कि गैंगस्टर लोगों को फोन करके फिरौती मांग रहे हैं। पुलिस थानों पर ब्लास्ट हो रहे हैं। लेकिन यह सब हालात शिअद ही ठीक कर सकती है। शिअद को पंजाब के लोगों की चिंता है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप सरकार ने पंजाब के हालात बिगाड़ दिए हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक कंवरजीत सिंह रोजी बरकंदी, जिला प्रधान प्रीत इंदर सिंह सम्मेवाली, शहरी जिला प्रधान बिट्टू, पूर्व महासचिव जगजीत सिंह बराड़ हनी फतनवाला सहित अन्य नेता उपस्थित थे?।

# मशहूर पंजाबी सिंगर का निधन, सिद्धू मूसेवाले को गाना किया था Tribute

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** मशहूर पंजाबी सिंगर गुरदर्शन धुरी का निधन हो गया है। उनके निधन की खबर मिलते ही पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। कोई भी विश्वास नहीं कर पा रहा है कि गुरदर्शन धुरी अब उनके बीच में नहीं रहे हैं। बताया जा रहा है कि वह पिछले कई समय से बीमार चल रहे थे। जिस वजह से उनका निधन हुआ।

**लीवर की बीमारी से पीड़ित :** जानकारी के मुताबिक गुरदर्शन धुरी लीवर की बीमारी से जूझ रहे थे और वह अपना ईलाज करवा रहे थे। पर ईलाज के दौरान ही उन्होंने अपनी जान गंवा दी। धुरी के अचानक हुए निधन के बाद उनके चाहने वाले भी हैरान हैं।

**कई गाने गा चुके थे धुरी :** आपको बता दें कि गुरदर्शन धुरी ने पंजाबी गायक गुरलेज़ अख्तर, दीपक ढिल्लों समेत कई प्रसिद्ध कलाकारों के साथ काम किया है और गाने गाए हैं। धुरी ने सरपंच साब, जोकर, घूरी यार दी और जनाजा गाना गाया था। जनाजा गाना धुरी ने सिद्धू मूसेवाले को ट्रिब्यूट किया था।



# छोटी-सी चूक से 5 जिंदगियां खत्म, खबर पढ़कर ठंड से बचने को इलेक्ट्रिक ब्लोअर चलाकर सोना भूल जाएंगे

**जालंधर( पवन कश्यप ) :** जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में एक परिवार के 5 सदस्यों की मौत हो गई है। एक चूक ने परिवार के 5 लोगों की जान ले ली। परिवार ठंड ने बचने के लिए इलेक्ट्रिक ब्लोअर चलाकर सोया था, लेकिन दम घुटने से पांचों मौत की नींद सो गए।सुबह जब परिवार नहीं उठा तो पड़ोसियों को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने पुलिस को बुलाकर मामले से अवगत कराया।



पुलिस घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी तो महिला-पुरुष और उनके 3 बच्चे बेहोशी की हालत में मिले। पुलिस ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। श्रीनगर के पांडेरेथान इलाके के शेख मोहल्ले की घटना है। रविवार सुबह घटना के बारे में पता चला। मृतक किराये के मकान में रहते थे। घटनाक्रम पर प्रदेश के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी शोक जताया है।

**मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल ने जताया शोक :** मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मरने वालों की पहचान 38 वर्षीय एजाज अहमद भट, उनकी 32 वर्षीय पत्नी सलीमा और दोनें के 3 बच्चों 3 वर्षीय अरीब, 18 महीने के हमजा और एक महीने के नवजात के रूप में हुई। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अपने X हैंडल पर घटनाक्रम को लेकर पोस्ट लिखी। उन्होंने लिखा कि श्रीनगर के पांडेरेथान इलाके में शेख मोहल्ले में हुई घटना के बारे में पता चला। दुखद घटना में बहुमूल्य जिंदगियों की हानि से दुखी हूं। दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं हैं। भगवान उन्हें इस अपूरणीय क्षति से निपटने के लिए शक्ति और धैर्य प्रदान करे। मुख्यमंत्री ने लोगों से कड़ाके की ठंड से बचने के लिए हीटिंग और इलेक्ट्रिक गैजेट्स का इस्तेमाल सावधानी से करने की सलाह दी है, ताकि इस तरह की घटनाएं न हों।

**पड़ोसियों ने फोन करके कंट्रोल रूम में बताया :** मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस सूत्रों ने बताया कि कंट्रोल रूम में एक फोन आया था। कॉल करने वाले ने बताया कि उनके पड़ोस में किराये के मकान में 5 लोग रहते हैं, लेकिन आज सुबह से घर में कोई हलचल नहीं है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो बेल बजाने पर भी किसी ने दरवाजा नहीं खोला। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर एंट्री की तो पांचों लोग बेहोशी की हालत में मिले।

इमरजेंसी टीमों और पुलिस ने पांचों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन पांचों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया। परिवार मूलरूप से बारामुला का रहने वाला था और यहां किराये के मकान पर रहता था। जिस कमरे में पांचों लोग बेहोश मिले, वहां एक इलेक्ट्रिक ब्लोअर मिला है। इसलिए आशंका है कि पांचों की मौत का कारण दम घुटना है। मामला स्पष्ट करने के लिए केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# पंजाब में नशे पर नकेलः सीएम मान का प्लान बी तैयार, पुलिस, एनजीओ और सरकार के तमाम विभागों को जिम्मेदारी

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** नशे पर नकेल कसने के लिए सरकार ने नई रणनीति तैयार की है। सीएम भगवंत मान के आदेश पर प्रदेश में नशे पर लगाम लगाने के लिए स्टीयरिंग कमेटी गठित की है। यह कमेटी मुख्य सचिव केएपी सिन्हा की अगुआई में गठित की गई है। इस कमेटी का नोडल ऑफिसर प्रमुख सचिव राहुल तिवारी को बनाया गया है। युवाओं को विशेषकर नाबालिगों को नशे की लत से दूर रखने के लिए और अगर कोई नशा का सेवन कर रहा है, उसे इस जाल से बाहर निकालने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

प्रदेश के हर जिला में इस स्टीयरिंग कमेटी के तहत सब कमेटी गठित की जाएंगी, जोकि जिला स्तर पर अलग-अलग प्रोग्राम के जरिये युवाओं को नशे से दूर रखने में मदद करेगी। इस पर बकायदा स्टीयरिंग कमेटी की ओर से पॉलिसी बनाई जाएगी। इस पॉलिसी की वर्किंग में पुलिस, एनजीओ और



सरकार के तमाम विभागों को शामिल किया जाएगा। पंजाब पुलिस के कम्युनिटी विंग में भी इसमें सहयोग दिया जाएगा। राज्य में इस समय 303 नशा मुक्ति केंद्र व पुनर्वास केंद्र हैं।

**लुधियाना में महिलाओं के लिए केंद्र हो रहा स्थापित :** नई नीति की प्रारंभिक रूपरेखा अनुसार कई चीजों पर मंथन चल रहा है। शिक्षण संस्थानों में नशों का रुझान रोकने के लिए जागरूकता आधारित कार्यक्रम पाठ्यक्रम में शामिल किए जाएंगे।

इसी तरह महिलाओंको नशा छुड़वाने व पुनर्वास के लिए लुधियाना में क्लीनिक स्थापित किया रहा है। पिछले समय में नशा तस्करों के खिलाफ मुहिम चलाई गई।

वहीं अब नशों से निपटने के इंतजामों पर योजना तैयार की जाएगी। इसके अलावा शिक्षा विभाग की तरफ से उच्च शिक्षा विभाग की तरफ से मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने सेना के वाहन को IED ब्लास्ट से उड़ाया, 9 जवान शहीद

**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सोमवार को नक्सलियों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। नक्सलियों ने संयुक्त ऑपरेशन से लौट रहे जवानों के वाहन को आईईडी ब्लास्ट से उड़ा दिया। इस घटना में नौ जवान शहीद हुए हैं। नक्सल प्रभावित कुटरू से बेदरे मार्ग पर करकेली के पास नक्सलियों द्वारा जवानों से भरे पिकअप वाहन को ब्लास्ट कर उड़ा दिया।

इस हमले में अब तक नौ जवानों के शहीद होने की पुष्टि एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा ने की है।

नक्सलियों ने इस वारदात को उस वक्त अंजाम दिया, जब संयुक्त ऑपरेशन पार्टी ऑपरेशन कर वापस लौट रही थी। तभी दोपहर के लगभग दो बजे बीजापुर जिले के थाना कुटरू के अंतर्गत अंबेली गांव के पास नक्सिलयों ने आईईडी ब्लास्ट कर सुरक्षा बलों के वाहन को उड़ा दिया। इसमें दंतेवाड़ा डीआरजी के आठ जवान और एक ड्राइवर की मौत



हो गई। इस घटना पर छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने संवेदना व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, बीजापुर जिले के कुटरू में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में आठ जवानों सहित वाहन चालक के शहीद होने की खबर अत्यंत दु:खद है। मेरी संवेदनाएं शहीदों के परिजनों के साथ हैं।

ईश्वर से शहीद जवानों की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। बस्तर में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं और विचलित होकर ऐसी कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी, नक्सलवाद के खात्मे के लिए हमारी यह लड़ाई मजबूती से जारी रहेगी। वहीं बीजापुर आईईडी ब्लास्ट पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। मैं सभी जवानों को श्रद्धांजलि देता हूं। यह नक्सलियों की कायरतापूर्ण हरकत है। हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं दिया जाएगा।

इस कायराना हरकत का जवाब दिया जाएगा। हमारी सरकार का संकल्प 2026 तक बस्तर को नक्सल मुक्त करने का है, जिसमें हम सफल होंगे।

# लॉरेंस के इंटरव्यू के बाद विवादित संपत्तियों की खरीद में फंसे बर्खास्त DSP गुरशेर सिंह, आय से अधिक संपत्ति होने का दावा

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब पुलिस के बर्खास्त डीएसपी गुरशेर सिंह संधू ने सस्ती दरों पर विवादित संपत्तियों की खरीद की है। विजिलेंस ब्यूरो की अब तक की जांच में यह बात सामने आई है। विजिलेंस ब्यूरो गुरशेर सिंह संधू के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले की जांच कर रहा है।

### आय से अधिक संपत्ति का दर्ज हो सकता है मामला

ब्यूरो की ओर से गुरशेर सिंह संधू की संपत्तियों का ब्यौरा तैयार किया जा रहा है। संधू के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज कर सकती है। वहीं, पुलिस अधिकारियों के मुताबिक लॉरेंस बिश्नोई के इंटरव्यू मामले में भी गुरशेर सिंह के खिलाफ एक मामला दर्ज की जा सकती है। संधू को बीते दिनों गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की इंटरव्यू मामले में पुलिस से बर्खास्त किया गया था। विजिलेंस ब्यूरो के अधिकारियों के मुताबिक संधू की संपत्तियां ट्राईसिटी के आसपास अधिक है।

### गुरशेर संधू के सहयोगी ने ही दर्ज कराया था शिकायत

विजिलेंस ब्यूरो के अधिकारियों ने बताया कि गुरशेर संधू के खिलाफ शिकायत के बाद, आय से अधिक संपत्ति की जांच शुरू की गई थी। अधिकारी ने बताया कि बलजिंदर सिंह की शिकायत के बाद यह जांच शुरू की गई है।

संधू के खिलाफ मोहाली के राज्य अपराध पुलिस स्टेशन में बलजिंदर सिंह की शिकायत पर धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया गया था, जो कभी गुरशेर संधू के सहयोगी थे।



### लॉरेंस के इंटरव्यू मामले में किया गया बर्खास्त

बता दें कि 16 दिसंबर को पंजाब सरकार ने उच्च न्यायालय को सूचित किया था कि डीएसपी गुरशेर संधू को सितंबर 2022 में खरड़ सीआईए परिसर से गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के टीवी साक्षात्कार में उनकी कथित भूमिका के लिए संविधान की धारा 311 (2) के तहत बर्खास्त कर दिया गया है। संधू के विदेश भाग जाने का शक है। संधू को लॉरेंस इंटरव्यू मामले में अपना पक्ष रखने के लिए पुलिस की ओर से बार-बार नोटिस भेजा गया। लेकिन इसके बावजूद वह अपना पक्ष रखने के लिए नहीं पहुंचे।

### गुरशेर सिंह के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

बता दें कि राज्यपाल की ओर से गुरशेर सिंह पर कार्रवाई की मंजूरी मिलने के बाद गृह सचिव गुरकिरत किरपाल सिंह ने बर्खास्तगी के आदेश जारी किए थे। वहीं, गुरशेर सिंह के विदेश फरार होने के बाद से अब लुकआउट नोटिस जारी किया गया है।

# होशियारपुर में टीचर ने माता-पिता से भरी पंचायत में मांगी माफी, बेरहमी से पीटा था सिख Student

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** पंजाब के होशियारपुर में बीते दिन प्राइवेट स्कूल का वीडियो सामने आया था। इस वीडियो में महिला टीचर एक सिख छात्रा को जमकर पीट रही थी। अब इस मामले में एक नया अपडेट सामने आया है। महिला टीचर ने बच्चे के परिवार से लिखित तौर पर माफी मांग ली है। होशियारपुर के गांव बद्दो में एक महिला टीचर ने छोटे बच्चे की पिटाई की थी जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थी।



**पंचायत में हुआ समझौता :** मामला पंजाब के शिक्षा विभाग तक भी पहुंचा था जिसके बाद उन्होंने तुरंत मामले पर कार्रवाई करने के लिए कहा था। इसके बाद अब आज बच्चे के माता-पिता और टीचर के बीच में पंचायत में समझौता हो गया है। महिला टीचर ने पंचायत में बच्चे के माता-पिता से माफी मांगी है।

**महिला टीचर ने लिखा माफी लेटर :** महिला टीचर ने एक माफी लेटर लिखा है जिसमें उन्होंने लिखा कि - मैंने अमनदीप सिंह नाम के छात्र को पढ़ाते समय गलत तरीके के साथ पीटा था मैं इसके लिए माफी चाहती हूं और भविष्य में ऐसी गलती कभी नहीं करुंगी। यह समझौता बच्चे, उसके दादा संतोख सिंह और बड्डो गांव की पंचायत में हुआ है।

**लोगों ने किया था विरोध :** इस महिला टीचर ने पूरे क्लास में 42 सैकेंड के अंदर बच्चे के 6 बार गाल और 2 बार पीठ में थप्पड़ मारे थे। एक बार उसके बाल पकड़कर उसे नीचे भी गिरा दिया। इसका एक वीडियो वायरल भी हुआ जिसका लोगों ने खूब विरोध किया था। सिख बच्चे के बाल खींचने को उन्होंने धार्मिक प्रतीक का अपमान बताया था। इस मामले में सोशल मीडिया पर बढ़ते विवाद को देख शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने आरोपी टीचर, प्रिंसिपल और स्कूल मालिक के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश भी दिए थे।

**पहले भी बच्चों को खूब पीटती है टीचर :** आपको बता दें कि टीचर बच्चे का काम देखकर नाराज हुई थी उसने गुस्से में बच्चे की तीन जोर से थप्पड़ लगाए थे और फिर बाल खींचते हुए उसे नीचे गिरा दिया था हालांकि सिर्फ इसी बच्चे को ही नहीं मारा था टीचर ने कुछ और बच्चों की भी पिटाई की थी। कई बच्चों को हाथ ऊपर कर खड़े रहने की सजा भी दी थी। स्कूल के बाकी टीचरों का कहना है कि यह टीचर पहले भी बच्चों को ऐसे ही पीटती है हालांकि पहली बार उसकी मारपीट बाहर आई है।

# फिरोजपुर हाईवे पर 2 कैंटरों की आपस में भयानक टक्कर, दो लोग गंभीर जख्मी

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** पंजाब के जगराओं में आज सुबह एक हादसा हो गया है। लुधियाना-फिरोजपुर हाईवे पर गांव सोहिया के पास दो कैंटरों की जबरदस्त टक्कर हो गई है। इसके कारण कैंटर के चालक के साथ-साथ दो लोग गंभीर तौर पर घायल हो गए हैं। कैंटर चालक की हालत काफी नाजुक है जिसके कारण उसे हायर सेंटर में रेफर कर दिया गया है। घायल व्यक्तियों की हालत ज्यादा खराब है इसलिए उनकी अभी पहचान नहीं हो पाई है।

दोनों कैंटर की हुई आपस में टक्कर



एनएच 95 हाईवे लुधियाना-फिरोजपुर पर लुधियाना से दो कैंटर जगराओं की ओर आ रहे थे।

जैसे ही यह कैंटर गांव सोहिया के पास पुल के नीचे की ओर उतरने लगे। वैसे ही आगे वाले कैंटर चालक के कोई वाहन आगे आ जाने के कारण ब्रेक लगा दी। इसके कारण पीछे से आ रहे कैंटर ने पीछे से टक्कर मार दी इससे कैंटर का अगला हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया।

गंभीर रुप से घायल कैंटर ड्राइवर

इस हादसे के कारण कैंटर ड्राइवर और क्लीनर दोनों ही गंभीर तौर पर घायल हो चुके हैं। हादसे की सूचना पुलिस को दे दी गई है। उन्होंने एंबुलेंस मंगवाकर दोनों घायल हुए लोगों को अस्पताल में पहुंचाया है।

वहीं कैंटर के टूटे हुए हिस्सा को हाईवे से हटाकर रास्ता दोबारा से अच्छे तरह ठीक करवाया गया है।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# अमृतसर में घने कोहरे के चलते ट्रेनें और फ्लाइटें हुई रद्द, परेशान हुए यात्री

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** अमृतसर में पिछले कुछ दिनों से बहुत ठंड पड़ रही है। रविवार को हुई बारिश के चलते जहां ठंड की तीव्रता बढ़ी है वहीं तेज गति से चलती ठंडी हवाओं ने भी कहर बरसा दी है। इसके कारण लोग घर में ही हैं। वहीं बढ़ती ठंड के चलते कई ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय से बहुत देरी से पहुंच रही हैं। इसके कारण रेलवे ने भी कई ट्रेनें रद्द कर दी हैं। उड़ानें भी कोहरे के चलते लेट हो रही हैं और कुछ फ्लाइट्स को रद्द कर दिया गया है।



**यात्रियों को करना पड़ रहा इंतजार :** ट्रेनें लेट होने के कारण यात्रियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं लुधियाना के पास चल रहे विकास कार्यों के चलते भी ट्रेनें रद्द हुई हैं वहीं दर्जनों ट्रेनें देरी से चली हैं जिसके चलते यात्री परेशान हो रहे हैं। इसके साथ ही कोहरे और अन्य कारणों से ट्रेनें लेट हैं और यात्रियों को ठंड में ही इंतजार करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि कोहरे के चलते ट्रेनें लेट हुई हैं। यात्रियों की यात्रा सुरक्षित रहे इसके लिए रेलवे प्रशासन भी एहतियात बरत रहा है। ट्रेनों को सावधानी से चलाया जा रहा है।

**जालंधर पहुंचने में भी लगेगा समय :** इसके चलते ट्रेनें भी सावधानी से चल रही हैं। यह भी एक जरुरी कारण है कि अलग-अलग ट्रेनें अपने गंतव्य तक देरी से पहुंच रही हैं। इसके चलते यात्री ठंड में ट्रेनों का इंतजार करते हुए नजर आ रहे हैं। कोई रास्ता न होने के कारण यात्रियों को विलंबित ट्रेनों का इंतजार करना पड़ रहा है। यात्रा बार-बार पूछताछ काउंटरों पर ट्रेन की स्थिति की भी जांच कर रहे हैं। जो ट्रेन एक घंटे तक दूर होती है उसे जालंधर पहुंचने में कभी-कभी दो घंटे से ज्यादा समय लगता है। इससे यात्रियों की असुविधा भी बढ़ रही है।

## कई उड़ानें भी हुई रद्द

अमृतसर में मौसम पहाड़ों की तरह है। इसके कारण बाहरी राज्यों से आए पर्यटक भी मौसम का आनंद ले रहे हैं। बाहरी राज्यों में आने वाले लोगों को भी कड़ाके की ठंड से जूझना पड़ रहा है। इसके कारण कई बसें भी देर से पहुंची हैं और उड़ानें भी रद्द हुई हैं। इसके चलते यात्रियों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट की कमेटी ने डल्लेवाल के साथ की मीटिंग, कहा-केंद्र से बात करवाने के लिए हमारे पास अधिकार नहीं

**जालंधर( हर्ष शर्मा ) :** सुप्रीम कोर्ट की बनाई गई हाई पावर कमेटी ने आज खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के साथ मीटिंग की। इस मीटिंग के बाद कमेटी के चेयरमैन और पूर्व जस्टिस नवाब सिंह ने कहा कि केंद्र से सीधा बातचीत कराने की हमारे पास कोई अधिकार नहीं है। पर हम चाहते हैं कि डल्लेवाल मेडिकल सुविधा लें और जब वह चाहेंगे तब हम हाजिर हो जाएंगे।



## कपिल सिब्बल ने कोर्ट के दी मीटिंग की जानकारी

किसान आंदोलन को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार के वकील कपिल सिब्बल पेश हुए। उन्होंने सुनवाई के दौरान कहा कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल कोर्ट की तरफ बनाई गई कमेटी से मिलने के लिए तैयार हो गए हैं।

## 10 जनवरी को होगी अगली सुनवाई

कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि हमने आंदोलन कर रहे किसानों को कमेटी के अध्यक्ष रिटायर्ड जस्टिस नवाब सिंह से मिलने के लिए मना लिया है। उम्मीद है कि इस मीटिंग में कुछ सकारात्मक चीजे निकलेंगी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 10 जनवरी को जाएगी।

## डल्लेवाल ने केंद्र से बात करने का किया था फैसला

इससे पहले डल्लेवाल ने कमेटी अध्यक्ष रिटायर्ड जस्टिस नवाब सिंह को चिट्ठी लिखकर कहा था कि उनका प्रतिनिधिमंडल 4 नवंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट की कमेटी से मिला था लेकिन कमेटी को शंभू और खनौरी बॉर्डर आने का टाइम नहीं मिला। क्या वे मेरी मौत का इंतजार कर रहे थे। जिसके बाद उन्होंने कमेटी से मिलने के लिए इंकार कर दिया था और सिर्फ केंद्र सरकार से बात करने का फैसला किया का था।

## 42 दिनों से आमरण अनशन पर हैं डल्लेवाल

आपको बता दें कि खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल 42 दिन से आमरण अनशन पर बैठे हैं। जगजीत डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती न कराने की पंजाब सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका है। 2 जनवरी को हुई पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने दोनों मामले एक साथ रखने को कहा था।

# पटियाला में 5वीं के Student की मौत, पतंग उड़ाते समय हुआ दर्दनाक हादसा

**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** पंजाब के पटियाला से बड़ी खबर सामने आई है। पटियाला में पतंग उड़ाते हुए पांचवी कक्षा में पढ़ रहा छात्र छत से नीचे गिर गया। गिरने के कारण घटना में बच्चे की मौत हो गई है। यह घटना पटियाला के सहजपुरा रोड पर स्थित कुलारां मोहल्ला में हुई है। बच्चे का नाम जशनदीप सिंह बताया गया है। उसकी उम्र 11 वर्ष बताई जा रही है। जशनदीप पटियाला के गांव कुलारां का रहने वाला था।




**सिर पर आई गंभीर चोटें :** मृतक के पिता गुरतेज ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि उनका बच्चा घर की छत पर पतंग उड़ा रहा था। इसी दौरान वह छत से नीचे गिर गया और उसके सिर में बहुत गंभीर चोटें आई। उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भी ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरु किया लेकिन इसी दौरान उसकी मौत हो गई।

बच्चे का इलाज करने वाले डॉक्टर ने बताया कि ज्यादा रक्तस्राव के कारण उसे बचाया नहीं जा पाया। जब बच्चे के घर वाले उसे अस्पताल में लेकर आए थे तब उसकी मौत हो गई थी। मिली जानकारी के अनुसार, बच्चे की मां पिछले ढाई साल से अपने मायके में रह रही थी। पुलिस ने अभी तक मामले में किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की है। वहीं बच्चे की मौत के बाद शव को अस्पताल से ले जाया गया है। बच्चे की मौत पर पेरेंट्स का भी रो-रोकर बुरा हाल हो गया था।

# चीन में फैल रहे HMPV वायरस का बेंगलुरु में मिला पहला केस, 8 महीने की बच्ची संक्रमित

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** दनियाभर को दहला चुकी कोविड-19 महामारी के बाद HMPV नाम के वायरस ने चीन में दस्तक दी. अब बेंगलुरु में इसका पहला मामला सामने आया है.बेंगलुरु के एक अस्पताल में आठ महीने की बच्ची में HMPV वायरस डिटेक्ट किया गया है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि हमने हमारी लैब में इसका टेस्ट नहीं किया है। एक निजी हॉस्पिटल में इसके मामले की रिपोर्ट आई है। निजी हॉस्पिटल की इस रिपोर्ट पर संदेह करने का कोई कारण नजर नहीं आता।





बता दें कि HMPV आमतौर पर बच्चों में ही डिटेक्ट होता है। सभी फ्लू सैंपल में से 0.7 फीसदी HMPV के होते हैं। इस वायरस का स्ट्रेन क्या है, अभी पता नहीं चल पाया है। क्या है इस वायरस के लक्षण?

इस वायरस को ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस या एचएमपीवी वायरस कहते हैं, जिसके लक्षण काफी हद तक सामान्य सर्दी-जुकाम के समान होते हैं. सामान्य मामलों में यह खांसी या गले में घरघराहट, नाक बहने या गले में खराश का कारण बनता है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों में HMPV का संक्रमण गंभीर हो सकता है। कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोगों में यह वायरस गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है।

कहा जा रहा है. इस वायरस से संक्रमित मरीजों में सांस लेने में दिक्कत और फ्लू जैसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं. अब दिल्ली के मेडिकल ऑफिसर्स ने वायरस से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए एडवाजरी जारी की है।

एक बयान के मुताबिक, हेल्थ सर्विस की डायरेक्टर जनरल डॉ. वंदना बग्गा ने रविवार को मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारियों के साथ मीटिंग की, जिसमें दिल्ली में सांस से जुड़ी बीमारियों से निपटने की तैयारियों पर चर्चा की गई। सिफारिशों के तहत अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि वे इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों के मामलों की जानकारी तुरंत IHIP पोर्टल के जरिए दें। संदिग्ध मामलों के लिए सख्त आइसोलेशन प्रोटोकॉल और सावधानी बरतने को कहा गया है. अस्पतालों को निर्देश दिए गए हैं कि सटीक निगरानी सुनिश्चित करने के लिए SARI मामलों और लैब की ओर से पुष्ट किए गए इन्फ्लूएंजा मामलों का उचित डॉक्यूमेंटेशन बनाए रखना जरूरी है. उन्हें ऑक्सीजन के साथ-साथ हल्के लक्षण वाले मामलों के इलाज के लिए पैरासिटामोल, एंटीहिस्टामाइन, ब्रोन्कोडायलेटर्स और कफ सिरप की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# चंडीगढ़ में सुबह-सुबह बड़ा हादसा, मल्टीस्टोरी बिल्डिंग गिरी जांच में जुटी पुलिस

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** चंडीगढ़ से एक बड़ी खबर सामने आई है। सुबह-सुबह 7 बजे सेक्टर 17 में एक मल्टीस्टोरी बिल्डिंग गिर गई है।

यह बिल्डिंग काफी समय से खाली भी थी हालांकि हादसे में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है। प्रशासन के अधिकारी भी इस समय हादसे वाली जगह पर मौजूद हैं। आपको बता दें कि बिल्डिंग के पास ही डी.सी ऑफिस और एक नामी शोरुम भी है। जानकारी के अनुसार, यह बिल्डिंग 1970 के पास बनी थी।

## 5 मंजिला थी बिल्डिंग

यह बिल्डिंग शहर की एक प्राइम लोकेशन पर स्थित है। लोगों के अनुसार, यह 5 मंजिला थी।

आस-पास के लोगों ने बताया कि जब यह बिल्डिंग गिरी तो ऐसा लगा जैसे कोई ब्लास्ट हुआ हो। कुछ समय के बाद काफी दहशत भी फैल गई। इसके पास ही एक होटल भी है।



## प्रशासन ने करवा दी थी सील

मौके पर मौजूद लोगों ने इस दौरान बताया कि इमारत में करीब पिछले 2 महीनों से कंस्ट्रक्शन का काम भी चल रहा था। इसके कारण इमारत में दरारें आ गई थी। जैसे ही मामले के बारे में प्रशासन को पता चल तो उन्होंने 27 दिसंबर को ही बिल्डिंग सील करवा दी थी।

## इमारत को भी हुआ नुकसान

लोगों ने बताया कि बिल्डिंग को सील करने के बाद भी बिल्डिंग पर काम करने वाला ठेकेदार फरार हो गया था। साथ वाली इमारत के मालिकों ने यह बताया था कि रेनोवेशन के समय उन्होंने उचित कदम नहीं उठाए थे जिसके कारण उनकी इमारतों को भी नुकसान हुआ है।

## मामले की चल रही है जांच

हादसे की जानकारी मिलते ही सेक्टर-17 चंडीगढ़ थाना के एसएचओ समय पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि बिल्डिंग 7 बजे गिरी थी। बिल्डिंग के मालिक ने बिल्डिंग को किराए पर दिया था। किराएदार इसके रेनोवेशन का काम करवा रहा था। इसको अनसेफ घोषित कर दिया गया था। मामले की जांच भी की जा रही है। अभी तक ठेकेदार या फिर किसी भी व्यक्ति पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## बिल्डिंग के पिलर्स में आई थी दरारें

एक हफ्ते पहले ही बिल्डिंग के पिलर्स में दरारें आ गई थी। आपको बता दें कि होटल के अंदर काम चल रहा था जिसके चलते तीन पिलर्स में अचानक क्रैक आ गया था। इसके कारण बिल्डिंगों में काम कर रहे लोगों ने झटके भी महसूस किए और उन्होंने तुरंत पुलिस को बुला लिया और पुलिस ने इस बिल्डिंग की ओर आने वाले सारे रास्ते बंद कर दिए थे।



# 52 वर्षीय गोली श्यामला गारू ने रचा इतिहास, समुद्र में तैरकर 6 दिनों में पूरी की 150 KM तक की दूरी

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** आंध्र प्रदेश की 52 वर्षीय तैराक गोली श्यामला गारू ने असाधारण साहस और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए एक नया इतिहास रचा है। उन्होंने विशाखापत्तनम से काकीनाडा तक 150 किलोमीटर की दूरी समुद्र में तैरकर पूरी की है। इस चुनौतीपूर्ण सफर को तय करने में उन्हें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से इस उपलब्धि को हासिल किया। श्यामला गारू की इस उपलब्धि पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने उन्हें बधाई दी है। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा, 52 साल की उम्र में गोली श्यामला गारू की विशाखापत्तनम से काकीनाडा तक 150 किमी की तैराकी असाधारण साहस और दृढ़ संकल्प की कहानी है। छह दिनों के दौरान आंध्र प्रदेश की इस बेटी को अपनी यात्रा में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन आखिरकार साहस से जीत हासिल की।

उनकी यात्रा न सिर्फ नारी शक्ति का ज्वलंत उदाहरण है, बल्कि मानवीय भावना की शक्ति का प्रतिबिंब है। उन्होंने अपनी इस सराहनीय उपलब्धि से लाखों लोगों को प्रेरित करते हुए बहुमूल्य समुद्री जीवन की रक्षा करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया है। बधाई हो, श्यामला गारू। श्यामला गारू ने 28 दिसंबर को विशाखापत्तनम से अपनी यात्रा शुरू की थी और छह दिनों में इस चुनौतीपूर्ण सफर को पूरा किया। इस दौरान उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया था। डॉक्टरों और स्कूबा गोताखोरों सहित एक दर्जन से अधिक विशेषज्ञों की एक टीम उनकी सुरक्षा पर नजर रख रही थी।

श्यामला गारू काकीनाडा जिले के समरलकोटा गांव की रहने वाली हैं और यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने कोई बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इससे पहले 2021 में उन्होंने भारत और श्रीलंका को विभाजित करने वाले 30 किलोमीटर लंबे पाक जलडमरूमध्य में भी तैराकी की थी।

# एक साल में निकल गई चीखें: सुखबीर बादल ने अमृतपाल पर कसा तंज, बोले- शिअद को कमजोर करने की रची गई साजिश

**जालंधर( जसप्रीत सिंह ) :** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के वरिष्ठ नेता व पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखबीर बादल सोमवार को मुक्तसर पहुंचे थे। सुखबीर बादल ने मुक्तसर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। सुखबीर माघी मेले मौके मुक्तसर में की जाने वाली सियासी कांफ्रेंस की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए आए हुए थे। इस दौरान उन्होंने विरोधी दलों पर निशाना साधा

सुखबीर बादल ने कहा कि शिअद को कमजोर करने के लिए हम पर एक साजिश के तहत बेअदबी सहित अन्य आरोप लगाए गए थे। पूरे विवाद को समाप्त करने के लिए मैंने सारे इल्जाम अपनी झोली में डाल लिए। जबकि अकाली दल पर जो आरोप लगे हैं, ऐसा कृत्य करने के बारे शिअद कभी भी सोच नहीं सकता।

**अमृतपाल पर कसा तंज :** सुखबीर ने अलगाववादी सांसद अमृतपाल का नाम लिए बिना तंज कसते हुए कहा कि प्रकाश सिंह बादल ने 16 साल जेल काटी है और यहां एक साल में ही चीखें निकल रही हैं। उन्होंने फरीदकोट के सांसद सरबजीत सिंह खालसा पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि सरबजीत खालसा जब से सांसद बने हैं एक बार भी सिखों के हक की बात नहीं की। यहां तक कि किसी के सुख दुख में भी शामिल नहीं हो रहे।

**अपने ही जत्थेदार बनाए हैं :** सुखबीर ने कहा कि माघी मेले मौके जो नई पार्टी बनाई जा रही है, यह सब शिअद को कमजोर करने की नीति के तहत किया जा रहा है। शिअद के लिए श्री अकाल तख्त साहिब सुप्रीम अथॉरिटी है। लेकिन यह लोग अकाल तख्त साहिब के जत्थेदारों को नहीं मानते। इन्होंने अपने ही जत्थेदार बना रखे हैं।



## अभी खत्म नहीं हुआ शिअद

बादल ने कांग्रेस नेता राजा वड़िंग पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजा वड़िंग ने भी पिछले दिनों जत्थेदारों के खिलाफ एक बयान दिया था। सुखबीर ने शिअद कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि माघी मेले मौके भारी गिनती में सियासी कांफ्रेंस में शामिल हों। कांफ्रेंस में दिल से पहुंचना है। सुखबीर ने कहा कि शिअद अभी खत्म नहीं हुआ है। शिअद पहले आराम कर रहा था। पर अब जाग चुका है। शिअद गुरु घर की सेवा करने वाली पार्टी है। शिअद के खिलाफ बयानबाजी पर सियासत हुई है।

## आप ने बिगाड़े पंजाब के हालात

पंजाब सरकार को लेकर सुखबीर ने कहा कि आज पंजाब के हालात यह बन चुके हैं कि गैंगस्टर लोगों को फोन करके फिरौती मांग रहे हैं। पुलिस थानों पर ब्लास्ट हो रहे हैं। लेकिन यह सब हालात शिअद ही ठीक कर सकती है। शिअद को पंजाब के लोगों की चिंता है। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप सरकार ने पंजाब के हालात बिगाड़ दिए हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक कंवरजीत सिंह रोजी बरकंदी, जिला प्रधान प्रीत इंदर सिंह सम्मेवाली, शहरी जिला प्रधान बिट्ठू, पूर्व महासचिव जगजीत सिंह बराड़ हनी फतनवाला सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247






# छह ट्रे अंडे लिए, बिना रुपये दिए ही भगा ले गया कार... टकटकी लगाए देखता रह गया रेहड़ी वाला



**जालंधर (पवन कश्यप) :** पंजाब के मुक्तसर में रेहड़ी की दुकान लगाने वाले दुकानदार से अंडे की छह ट्रे खरीदने के बाद ग्राहक बिना रुपये दिए ही भाग गया। गांव भलाईआणा में दुकानदार के पास कार चालक आया और छह अंडे की ट्रे लेकर बिना पेमेंट किए ही कार भगाकर फरार हो गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। हालांकि वीडियो वायरल होने के बाद व्यक्ति अगले दिन दुकान पर दुकानदार को 2100 रुपये पेमेंट दे गया।

बता दें कि गिदड़बाहा के मुक्तसर-बठिंडा मुख्य मार्ग पर स्थित गांव भलाईआणा में एक व्यक्ति अंडों की स्टॉल लगाकर बैठा था। रविवार देर शाम करीब साढ़े सात बजे एक कार में सवार होकर कुछ लोग उसके स्टॉल पर आए। कार से उतर एक व्यक्ति ने दुकानदार से छह ट्रे अंडे मांगे।

अंडों की ट्रे को गाड़ी में रखवाने के बाद वे व्यक्ति भी गाड़ी में बैठ गया तो दुकानदार ने कार के पास पहुंच रुपये मांगे। कार सवारों ने दुकानदार से ऑनलाइन पेमेंट करने करने की बात कहते हुए कुछ और सामान मांगा। दुकानदार पीछे मुड़कर क्यूआर कोड उठाकर कार की ओर बढ़ा तो कार सवार फरार हो गए। इस घटना की वायरल हो गई। इसके बाद सोमवार को उक्त व्यक्ति दुकानदार के पास आया और 2100 रुपये पेमेंट दे गया। साथ ही ये तर्क भी रखा कि क्यूआर पर पेमेंट किया था, जो फेल हो गई थी।

**ट्रैक्टर पार्ट्स मंगवा नहीं दिए पैसे**

इधर लुधियाना में भी कुछ इसी तरह का मामला सामने आया है। इंडस्ट्री एरिया में कारोबारी से ट्रैक्टर पार्ट्स मंगवा कर उसके पैसे नहीं देने के मामले में पुलिस ने आंध्रप्रदेश के कारोबारियों पर मामला दर्ज किया है। आरोपियों ने कारोबारी के साथ 43 लाख रुपये की ठगी मारी है। थाना डिविजन छह की पुलिस ने इंडस्ट्री एरिया बी के समीर सीकरी की शिकायत पर आंध्रप्रदेश के गंटूर स्थित रायल ट्रैक्टर एजेंसी के महमूद बासा और शेख मकबूल के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**साढ़े 43 लाख का मंगवाया था माल**

पुलिस को दी शिकायत में समीर ने बताया कि उसकी इंडस्ट्री एरिया बी में नाइस ट्रैक्टर इंडिया के नाम से फैक्टरी है। जहां पर ट्रैक्टर के पार्ट्स बनते है। आरोपियों के साथ वह कारोबार करता था। आरोपियों ने उससे 43 लाख पचास हजार रुपये का माल मंगवा लिया। इसके बाद आरोपी पैसे देने केलिए आनाकानी करने लगे।

जब भी पैसे मांगो तो आरोपी टाल मटोल कर कोई न कोई बहाना बना देते थे। जिसके बाद पुलिस को इसकी शिकायत की गई। पुलिस द्वारा मामले की जांच के बाद आरोप सही पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।




# चीनी वायरस की चपेट में शेयर बाजार, निवेशकों के डूबे 10 लाख करोड़



**जालंधर (पंकज शर्मा) :** चीन में वायरस फैलने की खबरों के बीच भारत में एचएमपीवी के तीन केस सामने आ चुके है। इस वायरस का असल शेयर बाजार पर भी हो रहा है। भारतीय शेयर बाजारों में आज 6 जनवरी को तेज गिरावट देखने को मिली। बीएसई सेंसेक्स दिन के कारोबार में 1290 अंक टूट गया। वहीं निफ्टी 400 अंकों का गोता लगातार 23,600 पर पहुंच गया। इस गिरावट की वजह से शेयर बाजार निवेशकों के करीब 10 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा डूब गए।

मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में जबरदस्त बिकवाली देखने को मिल रही है। पीएसयू बैंक, रियल एस्टेट स्टॉक और तेल एवं गैस स्टॉक में बड़ी गिरावट देखी जा रही है। बैंक ऑफ बड़ौदा, पीएनबी और केनरा बैंक लगभग 4 फीसदी से ज्यादा नीचे दिखाई दिए। दिग्गज एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) और कोटक महिंद्रा बैंक में भी बड़ी गिरावट है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स में 1,100 अंकों की गिरावट देखने को मिल चुकी है।

# खुशखबरी: महिलाओं के खातों में सरकार ने भेजे 2500 रुपए




**जालंधर (अंशु कपूर) :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को राज्य की 56 लाख से भी अधिक महिलाओं के बैंक अकाउंट में 'मंईयां सम्मान योजना' के तहत दिसंबर महीने की किस्त के रूप में ढाई-ढाई हजार रुपए की राशि ट्रांसफर की। इस अवसर पर रांची के नामकुम खोजाटोली ग्राउंड में एक वृहद् कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें पूरे राज्य से करीब दो लाख महिलाएं मौजूद रहीं।

सीएम सोरेन ने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा, यह राशि आपको आर्थिक तौर पर स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हमारी सरकार ने चुनाव के पहले जो संकल्प लिया था, उसे पूरा करते हुए आज हमें बेहद खुशी हो रही है। बताया गया कि सीएम ने रिमोट का बटन दबाकर राज्य की कुल 56 लाख 61 हजार 791 महिलाओं के बैंक खाते में कुल 1,415 करोड़ 44 लाख 77 हजार 500 रुपए की राशि ट्रांसफर की। पांच महीने पहले जब यह योजना शुरू हुई थी तब महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए दिए जा रहे थे, लेकिन चुनाव के ऐलान के ठीक पहले सरकार ने कैबिनेट में यह राशि बढ़ाकर ढाई हजार करने की स्वीकृति दी थी। हेमंत सोरेन ने कहा कि देश और राज्य के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना तब तक साकार नहीं हो सकती, जब तक महिला और पुरुष एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर न चलें। हम लोगों ने इसी को ध्यान में रखकर महिलाओं को आगे लाने के लिए यह कदम उठाया है। हमारे पहले की सरकारों ने महिला सशक्तीकरण की बातें तो बहुत की, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया। हमने जब महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि देने की शुरुआत की, तब हमारा मजाक उड़ाया गया। जब हमने यह राशि ढाई हजार रुपए करने का वादा किया, तो विपक्षियों ने इसे लेकर भी दुष्प्रचार किया। उन्होंने सवाल उठाया कि इतना पैसा सरकार कहां से लाएगी? आज हमने उन्हें जवाब दे दिया है। सोरेन ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि हम उनकी तरह नहीं, जो अपने किए वादे से मुकर जाएं या झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करें। उन्होंने महिलाओं से राज्य के विकास में भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि आपकी छोटी-छोटी बचत से बच्चों का भविष्य बेहतर होगा। 'मईयां सम्मान' की राशि का उपयोग महिलाएं खुद और अपने बच्चों का कुपोषण दूर करने के लिए कर सकती हैं।

मुख्यमंत्री ने चुनाव के दौरान महिलाओं के सहयोग-समर्थन के लिए आभार जताते हुए कहा कि आपने हमें भरपूर आशीर्वाद देकर हमारी सरकार बनाई है। अब आपको स्वावलंबी और विकसित बनाने की चिंता हमारी है। कार्यक्रम को राज्य के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मंत्री चमरा लिंडा, विधायक कल्पना सोरेन सहित कई अन्य महत्वपूर्ण लोग उपस्थित रहे।